CBSE Class–3 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 10. क्योंज़ीमल और कैसे—कैसलिया

तुम्हारी समझ में क्या आया?

प्रश्न 1. गुरु जी थैली में क्या लिए जा रहे थे?

उत्तर- गुरु जी थैली में गेंहूँ पिसवाने के लिए ले जा रहे थे|

प्रश्न 2. क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया से मिलने पर तुम दोनों के बीच क्यों भटकते रह जाओगे?

उत्तर- क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया से मिलने पर हम दोनों के बीच में भटकते रह जायेंगे क्योंकि उन दोनों में क्यों और कैसे प्रश्न कभी भी ख़त्म नहीं होंगे|

प्रश्न 3. शिवदास ने गुरु जी की थैली देखकर अपनी साइकिल क्यों दे दी|

उत्तर- क्योंकि शिवदास ने सोचा कि गुरु जी गेंहूँ की थैली इतना दूर पैदल कैसे ले जाएँगे|

रोटी एक, नाम अनेक

प्रश्न 1. रोटी को अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है| कुछ और नाम पता करके लिखो|

उत्तर- फुल्का चपाती पराठा

प्रश्न 2. तुम्हारे घर में आटा सानने को क्या कहते हैं?

आटा गूँधना आटा गलाना आटा मलना या कुछ और

उत्तर- हमारे घर में आटा सानने को आटा गूँधना कहते है|

प्रश्न 3. गुरु जी कौन - से आटे की रोटी खाते थे ? अपने साथियो , घर के बड़ों से पता करो कि क्या किसी और चीज़ की रोटी भी बनती है ? उनके नाम लिखो | यदि उनका दाना या बाली मिलती है तो उसे अपनी कॉपी में चिपका दो|

उत्तर - गुरु जी गेहूँ के आटे की रोटी खाते थे| बाजरे, मक्का, ज्वार, जौ, चना की रोटी बनती है|

(**नोट**:- बाजरा, मक्का, ज्वार, जौ, चना के दाने आसानी से मिल जाते हैं इसलिए छात्र दानों को अपनी कॉपी पर स्वयं चिपकाएँ|)

प्रश्न 4. रोटी केसे बनेगी?

आटे को सा नेंगे गेहूँ को पिसवाए ँ गे , आ ग पर फु लाएँगे , त वे पर पकाए ँ गे , चकले पर बेलेंगे, गरम-गरम खाए ँ गे|

*** नहीं ? तो फिर कैसे ? तो फिर , कैसे?**

उत्तर - गेहूँ को पिसवाएँगे, आटे को सानेंगे, चकले पर बेलेंगे, तवे पर पकाएँगे, आग पर फुलाएँगे, गरम-गरम खाएँगे|

प्रश्न 5. गुरू जी ने कैसे -कैस लिया को समझाया कि आटा कैसे सा ना जाता है | अब तुम घर पर किसी को रोटी बेल ते देखो और लिखो की रोटी कैसे बे ली जाती है|

उत्तर - सने आटे में से थोड़ा-सा आटा लेते हैं फिर उसका गोल-गोल पेड़ा बनाते हैं | उस पर सूखा आटा लगाकर चकले पर रखकर गोल-गोल बेलते हैं|

प्रश्न रोटी बनाने के लिए कितना कुछ काम करना पड़ता है, जैसे- सानना, बेलना आदि| पता करो और लिखो की इन्हें बनाने के लिए क्या करना पड़ता है-
***चाय बनाने के लिए**
उत्तर- चाय बनाने के लिए एक पतीले में पानी लेकर गैस जलाकर, पतीले को उस पर रखते हैं| उस पानी में चाय की पत्ती डालते हैं| कुछ देर उबलने के बाद दूध और चीनी डालते हैं| उबल जाने पर छलनी से कप में छान देते हैं|

***सब्जी बनाने के लिए**
उत्तर - पहले सब्जी छीलते व काटते हैं काटने के बाद धोते हैं| गैस पर कढ़ाई रखकर तेल गर्म करते हैं| गरम तेल में जीरा, प्याज, लहसुन, मसाला आदि भूनकर सब्जी डालकर, थोड़ा-सा पानी डाल कर ढक देते हैं| सब्जी अच्छी तरह पक जाने पर गैस से उतार लेते हैं|

***दाल बनाने के लिए**
उत्तर - पहले दाल साफ करते व धोते हैं उसके बाद पतीले में पानी डालकर तथा आँच पर रखते हैं| पानी उबलने पर दाल को उसमें डालते हैं| दाल पानी में अच्छी तरह गल जाए, तो उसको गैस से उतार देते हैं| फिर एक कटोरी में घी डालकर तथा जीरा, प्याज तथा अन्य मसाले डालकर, पकाकर कढ़ाई में छौंक लगाते हैं| इस तरह दाल पकाई जाती है|

***हलवा बनाने के लिए**
उत्त र- कढ़ाई को आँच पर रखकर आटा या सूजी डालते हैं| उसमें घी डालकर मंदी आँचपर गुलाबी होने तक भूनते हैं| फिर पानी डालकर धीरे-धीरे हिलाते हैं| गाढ़ा होने पर चीनी डालते हैं| घी छोड़ने पर हलवा तैयार हो जाता है|

***लस्सी बनाने के लिए**
उत्तर - पहले दही को किसी गहरे बर्तन में डालकर मधानी से घुमाते हैं| फिर उसमे चीनी मिलाते हैं |इस तरह लस्सी तैयार हो जाती है|

दाम
प्रश्न- नीचे कुछ आटों के नाम लिखे हैं| उनके दाम पता करो|
उत्तर-

नाम	वज़न	दाम
मक्की	1 किलो	14 रूपए
चना	1 किलो	17-18 रूपए

आस-पास

प्रश्न- हम गेहूँ पिसवाने आटा-चक्की पर जाते हैं| हम इन कामों के लिए कहाँ जाते हैं?

प्रश्न	**उत्तर-**
आटा खरीदने	परचून या चक्की वाले की दुकान पर
पंचर बनवाने दूध खरीदने	पंचर लगाने वाले की दुकान पर मदर डेयरी या दी.एम.एस. की दुकान पर
जुते की मरम्मत करवाने	मोची की दुकान पर
सुराही खरीदने	कुम्हार की दुकान पर
कॉपी-किताब खरीदने	स्टेशनरी वाले की दुकान पर
बाल कटवाने	नाई की दुकान पर या ब्यूटी पार्लर पर

प्रश्न- अपने घर के पास की आटा - चक्की पर जाओ और पता करो कि-

***वहाँ क्या-क्या पिस ता है?**

उत्तर - चक्की पर गेहूँ, बाज़रा, मक्का व चना पिसता है|

*** आटा चक्की किस ची ज़ से चलती है?**

उत्तर- आटा-चक्की बिजली से चलती है|

*** दिन में चक्की को कितनी बार रोका जाता है?**

उत्तर- दिन में चक्की को तीन-चार बार रोका जाता है|

कैसे बनेगी रोटी

प्रश्न- पाठ्यपुस्तक पृष्ठ-91 पर रसोई की कुछ चीज़ों के चित्र बने हैं उन्हें देखकर बताओ कि रोटी बनाने में कौन-कौन सी चीज़ इस्तेमाल नहीं होती| तो सी चीजों का इस्तेमाल किस काम के लिए किया जाएगा? लिखो|

उत्तर- (चित्र के लिए पाठ्यपुस्तक में देखें)

सामान का नाम	**इस्तेमाल**
कप प्लेट लोटा अचार डिब्बा कड़ाही	चाय पीने में पानी पिने में अचार रखने के लिए सब्ज़ी बनाने के लिए